# कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

शिवाजी नगर जोन–04

क्र./शि.न./रा.वि./जोन–4/2025/282 भिलाई दिनांक – 18/7/2025

प्रति,

मेसर्स स्टील ट्रेडिंग कम्पनी भिलाई,
जी.ई.रोड खुर्सीपार, शिवाजी नगर,
वार्ड–51 श.वी.ना.सिंह नगर खुर्सीपार

विषय :– वाद भूमि का आधिपत्य सौंपने बाबत्।
संदर्भ :– आदेश क्र./446/राजस्व/2025 भिलाई दिनांक – 18.06.2025

––0––

उपरोक्त विषयांतर्गत छ.ग.शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का पत्र क्र. 7726/4401/2021/18 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक–28 अक्टूबर 2024 के माध्यम से (वाद भूमि) व्यवस्थापन के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। वादभूमि पर आपका व्यस्थापन वैधानिक प्रावधानों एवं माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिवादित विधि एवं सुसंगत नियमों के पूर्णतः उल्लंघन होने से नियमानुसार व्यवस्थापन की कार्यवाही किया जाना उचित नहीं होने के कारण आपके द्वारा वादभूमि के व्यवस्थापन के संबंध में प्रस्तुत आवेदन समुचित विचार उपरांत अमान्य कर अधोहस्ताक्षरी को वादभूमि का आधिपत्य प्राप्त कर उसे सुरक्षित रखा जाना सुनिश्चित करने तथा पालन प्रतिवेदन से अवगत कराने, आयुक्त महोदय द्वारा संदर्भित आदेश किया गया है। **(सुलभ संदर्भ हेतु आदेश की छायाप्रति संलग्न है।)**

आदेश के परिपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आदेश पत्र के पैरा 5 में वर्णित चल–अचल सम्पत्तियों को 7 दिवस के भीतर वाद भूमि से हटाकर अधोहस्ताक्षरी को वादभूमि का आधिपत्य सौंपें।

अन्यथा माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर छ.ग. द्वारा संरचना के विध्वंस मामले में पारित निर्णय दिनांक–13.11.2024 को दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 में निहित सुसंगत प्रावधानों के तहत बेदखली कार्यवाही कर वाद भूमि का आधिपत्य लिए जाने अधोहस्ताक्षरी बाध्य है।

सूचना जाने।

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार।**

**जोन आयुक्त**
शिवाजी नगर जोन–04
नगर पालिक निगम, भिलाई

पृ.क्र./शि.न./रा.वि./जोन–4/2025/283 भिलाई, दिनांक – 18/7/2025

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त महो., नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. राजस्व अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
4. भवन निर्माण एवं अनुज्ञा अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।
5. प्रभारी अधिकारी, डाटा सेंटर, न.पा.नि.भिलाई को सूचना पत्र निगम के वेबसाईट में प्रकाशित किये जाने आदेश पालनार्थ।

**जोन आयुक्त**
शिवाजी नगर जोन–04
नगर पालिक निगम, भिलाई

Scanned with CamScanner